भारत टॉप मोबाइल एप यूज़र

# हर दिन 250 करोड़ सवालों के जवाब फौरन दे रहा चैटजीपीटी

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

जेनरेटिव एआई प्लेटफॉर्म चैटजीपीटी का इस्तेमाल दुनियाभर में तेजी से बढ़ रहा है। अब यह हर दिन 250 करोड़ से ज्यादा सवालों के जवाब दे रहा है। चैटजीपीटी ने केवल सात महीनों में ये रिकॉर्ड बनाया है। 7 महीने पहले ये आंकड़ा सिर्फ 100 करोड़ था, जो बढ़कर ढाई गुना हो गया है। इस लिहाज से चैटजीपीटी की रफ्तार गूगल के सर्च इंजन से भी तेज हो गई है। हालांकि गूगल हर साल करीब 5 लाख करोड़ सर्च का जवाब देता है। दूसरी तरफ चैटजीपीटी सालाना 91.2 हजार करोड़ प्रॉम्प्ट जेनरेट कर रहा है। लेकिन इसकी रफ्तार बहुत तेज है।



भारत इस एआई टूल के मोबाइल एप के इस्तेमाल में टॉप पर है। अप्रैल 2025 तक मोबाइल एप पर भारत की हिस्सेदारी 13.5% थी, जो अमेरिका 8.9% और इंडोनेशिया 5.7% से काफी ज्यादा है। इतना ही नहीं, अब चैटजीपीटी गूगल की रोजाना होने वाली सर्च का करीब 20% हिस्सा अकेले संभाल रहा है। ओपनएआई का कहना है कि इसके 50 करोड़ से ज्यादा साप्ताहिक यूजर्स हैं, जिनमें से ज्यादातर लोग इसका फ्री वर्जन ही यूज कर रहे हैं।